में एकता का उत्सव था, जो वसुधैव

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 424/2023

## समिति में आशुलिपिक (Stenographer) पद हेतु दिनांक 09.12.2023 को वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-In-Interview) के आयोजन के संबंध में

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना में आशुलिपिक (Stenographer) पद पर अनुभवी गैर सरकारी/निजी संस्थान/कंपनी में कार्यरत अभ्यर्थियों की Outsourcing के आधार पर सेवा प्राप्त करने हेतु **दिनांक 09.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समिति मुख्यालय, सिन्हा लाइब्रेरी रोड, पटना–800017 में Walk-in-Interview** एवं दक्षता परीक्षा आयोजित किया जाता है :–

| पद का नाम | रिक्ति | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|
| आशुलिपिक (Stenographer) | 01 | • शैक्षणिक योग्यता– किसी भी संकाय में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>• आशुलेखन गति न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट।<br>• हिन्दी टंकण में न्यूनतम 40 शब्द प्रति मिनट।<br>• कंप्यूटर ज्ञान के साथ एम०एस० ऑफिस का ज्ञान आवश्यक।<br>• किसी सरकारी विभाग या उपक्रम अथवा किसी गैर सरकारी संस्थान/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में न्यूनतम 06 वर्षों का कार्यानुभव। | Rs.60,000/- *per month* (साठ हजार रूपये प्रति माह) तक मानदेय के रूप में एकमुश्त राशि देय होगा। |

2. उपर्युक्त पद पर चयन हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मुख्यालय, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना–800017 में **दिनांक 09.12.2023 को 11:00 बजे से** वॉक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) में अभ्यर्थी अपना बायो–डाटा/आवेदन पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की मूल एवं स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे। आशुलिपिक एवं टंकण की जाँच परीक्षा ली जायेगी।

3. **सेवा अवधि** :– प्रथम बार सेवा दो वर्ष के लिए ली जाएगी। इसके बाद प्रत्येक वर्ष कार्य Performance एवं आवश्यकता के आधार पर सेवा विस्तार किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थी की सेवा समिति में आउटसोर्सिंग के आधार पर ली जाएगी।

सचिव

Scanned with CamScanner